अतिक्रमण | मोटेगांव में उठे बड़े सवाल, जांच तक प्लॉट बिक्री रोकने की मांग

वन विभाग के कब्जे वाली भूमि 4 माह में कैसे हुई निजी

नवभारत, लामता। विकासखंड लामता के अंतर्गत ग्राम मोटेगांव में भूमि स्वामित्व, सीमांकन एवं कथित अवैध प्लॉटिंग को लेकर एक गंभीर विवाद सामने आया है। मामले में स्थानीय शिकायतकर्ताओं द्वारा जिला प्रशासन को विस्तृत आवेदन प्रस्तुत कर उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि संबंधित भूमि पर बिना आवश्यक वैधानिक स्वीकृतियों के प्लॉटिंग कर आम नागरिकों को भूखंड विक्रय किए जा रहे हैं। उन्होंने इस पूरे मामले में रियल एस्टेट विनियमन एवं विकास अधिनियम 2016 तथा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों के पालन पर भी गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं।

शिकायतकर्ताओं के अनुसार, वर्तमान में जिस भूमि पर आनंद असाटी का कब्जा बताया जा रहा है, वह भूमि रक्ष मद एवं फॉरेस्ट मद की श्रेणी 1 की रही है तथा लगभग चार से पांच दशकों तक उस पर वन विभाग का वास्तविक कब्जा बना रहा। उनका आरोप है कि राजस्व विभाग के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों एवं वन विभाग के कुछ स्थानीय कर्मचारियों के साथ कथित मिलीभगत कर उक्त भूमि पर अवैध रूप से अधिकार स्थापित किया गया है।

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि संबंधित भूमि पर इतने वर्षों से वन विभाग का कब्जा था, तो वन विभाग द्वारा अपने डिपो अथवा कब्जे वाली भूमि का सीमांकन समय-समय पर क्यों नहीं कराया गया। शिकायतकर्ताओं ने वन विभाग की भूमिका की भी स्वतंत्र जांच की मांग की है।

शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि क्षेत्र के अनेक किसानों एवं भूमिधारकों द्वारा वर्षों से सीमांकन के लिए राजस्व विभाग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए जाते रहे हैं, किंतु उन पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में यह प्रश्न उठ रहा है कि आखिर ऐसा कौन-सा तरीका अपनाया गया कि मात्र चार माह के भीतर कथित रूप से वन विभाग के कब्जे में रही भूमि निजी स्वामित्व के रूप में परिवर्तित होती दिखाई देने लगी।

आवेदन में यह भी कहा गया है कि पूर्व में आरोपी के भाई मनमोहन असाटी द्वारा उक्त भूमि के एक बड़े हिस्से का विक्रय किया जा चुका है। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि एमपी किसान एप में उक्त रकबे का अवलोकन करने पर वह किसी अन्य स्थान पर प्रदर्शित होता है तथा मूल भूमि का बहुत कम हिस्सा ही शेष दिखाई देता है। इसके बावजूद वर्तमान में अतिरिक्त भूमि पर कब्जा किया जाना पूरे मामले को संदेहास्पद बनाता है।

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि जिस भूमि पर वर्तमान में प्लॉटिंग की जा रही है, उसकी वास्तविक स्थिति, सीमाएं एवं स्वामित्व अभिलेखों की गहन जांच आवश्यक है। उनका कहना है कि यदि बिना वैधानिक स्वीकृक्तियों के कॉलोनी विकसित की जा रही है तो भविष्य में अनेक नागरिक आर्थिक एवं कानूनी संकट का सामना सकते हैं। कर

आवेदन में यह भी मांग की गई है कि केवल विवादित भूमि ही नहीं, बल्कि उससे लगी हुई सभी सीमावर्ती भूमियों की भी सत्यता की जांच की जाए। चाहे भूमि निजी स्वामित्व की हो, राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज हो अथवा वन विभाग के अधीन हो, सभी भूखंडों का विधिवत सीमांकन एवं मापन कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए। साथ ही प्रत्येक भूमिधर को उसके अभिलेखों में दर्ज वास्तविक भूमि का कब्जा सुनिश्चित कराया जाए।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि समग्र सीमांकन एवं अभिलेखों की जांच किए बिना वर्तमान में प्लॉटों की बिक्री जारी रहती है, तो भविष्य में यह मामला एक बड़े भूमि विवाद का रूप ले सकता है, जिससे अनेक खरीदारों एवं किसानों के हित प्रभावित हो सकते हैं।

इसी को ध्यान में रखते हुए शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर बालाघाट एवं एसडीएम से मांग की है कि अग्रिम जांच पूर्ण होने तथा वन विभाग द्वारा सीमांकन की कार्रवाई संपन्न किए जाने तक संबंधित प्लॉटों के क्रय-विक्रय, पंजीयन एवं अन्य प्रकार के हस्तांतरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। इसके अतिरिक्त यदि जांच में अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो संबंधित कॉलोनी को अवैध घोषित करते हुए दोषी व्यक्तियों एवं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

शिकायतकर्ताओं ने यह भी मांग की है कि भूमि के नामांतरण, सीमांकन, स्वामित्व परिवर्तन, पूर्व में हुए विक्रय, राजस्व एवं वन विभाग के अभिलेखों तथा पूरे प्रकरण में संबंधित अधिकारियों की भूमिका की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, जिससे वास्तविक तथ्य सामने आ सकें और भविष्य में किसी बड़े विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

हालाकि, इन आरोपों के संबंध में आनंद असाटी अथवा संबंधित विभागों का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका है। उनका पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

महर्षि विद्या मंदिर, बालाघाट द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

नवभारत, बालाघाट। समाज की सामूहिक चेतना में सकारात्मकता स्थापित करने के पावन उद्देश्य से महर्षि विश्व शांति आंदोलन की इकाई महर्षि आध्यात्मिक जनजागरण अभियान के बैनर तले आज महर्षि विद्या मंदिर, बालाघाट (मध्य प्रदेश) द्वारा स्थानीय काली पुतली स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में सकारात्मक चिंतन, नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक जागरूकता तथा भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति आस्था और संस्कारों का संवर्धन करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने विश्व शांति, सामाजिक सद्भाव, राष्ट्र की प्रगति तथा समस्त मानवता के कल्याण की कामना करते हुए सामूहिक प्रार्थना की। संपूर्ण कार्यक्रम को मधुरता एवं भक्तिमय वातावरण प्रदान करने में विद्यालय के संगीत शिक्षक श्री नीतेश कुमार मिश्रा तथा उनके शिष्यों भव्य राज उदासी, अयन सिंह ठाकुर एवं समर्थ तिवारी का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम की समुचित व्यवस्था एवं सफल संचालन में विद्यालय के ध्यान शिक्षक श्री मनोज ज्योतिषी सुनीता तिवारी एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

विद्यालय परिवार ने ऐसे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को समाज में सकारात्मक परिवर्तन, नैतिक जागरण और जनचेतना के प्रसार का प्रभावी माध्यम बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन का संकल्प व्यक्त किया।

पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किश्त जारी

बालाघाट। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 20 जून को पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर (हुगली) से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किश्त का सिंगल क्लिक के माध्यम से देशभर के किसानों के बैंक खातों में अंतरण किया। इस अवसर पर बालाघाट जिले में भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाहॉल में प्रदर्शित किया गया, जिसमें किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर श्री डी.पी. बर्मन, अधीक्षक भू-अभिलेख श्री कृष्णा नायक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा जिले की सभी तहसीलों एवं विकासखंड मुख्यालयों में भी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जहां बड़ी संख्या में किसानों ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना।

प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को मिली घर की सौगात

18 परिवारों को सौंपी गई आवासों की चाबियां

नवभारत, बालाघाट। शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद बालाघाट के सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एएचपी (अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप) एवं बीएलसी (बेनिफिशियरी लेड कंस्ट्रक्शन) घटक के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पात्र हितग्राहियों को नवनिर्मित आवासों का आवंटन किया गया तथा पूर्ण हो चुके आवासों में गृह प्रवेश कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान एएचपी घटक अंतर्गत निर्मित आवासों की 18 हितग्राहियों को चाबियां एवं आवंटन पत्र प्रदान किए गए। वहीं बीएलसी योजना के तहत कच्चे मकानों को पक्का बनाने वाले हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्य पूर्ण होने पर उनका गृह प्रवेश संपन्न कराया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बालाघाट के उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, लोक निर्माण सभापति कमलेश पांचे, मनोनीत पार्षद गजेंद्र भारद्वाज, प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश ऊके, उपयंत्री सुमित मोटवानी, सुश्री शील भलेवार सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष श्री योगेश बिसेन ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने हितग्राहियों से समय पर आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे उन्हें आगामी किस्तों का भुगतान शीघ्र प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हितग्राही पहली किस्त की राशि का उपयोग केवल आवास निर्माण कार्य में ही करें तथा अन्य कार्यों में राशि खर्च न करें।

कार्यक्रम के अंत में लोक निर्माण सभापति श्री कमलेश पांचे ने उपस्थित हितग्राहियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में हितग्राहियों ने पक्का आवास मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन की इस जनकल्याणकारी योजना के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

मित्र मंडल के 49वें स्थापना दिवस पर किया गया पौधरोपण

नवभारत, रामपायली। रामपायली क्षेत्र की सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक क्षेत्र की अग्रणी संस्था 'रामपायली मित्र मंडल रामपायली' ने 18 जून को अपने 49 वे स्थापना दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के महत्व को ध्यान रखते हुए संस्था अध्यक्ष रजनीश नकाशे के नेतृत्व में संस्था पदाधिकारियों एवं विद्यालय स्टॉफ के साथ वृक्षारोपण कर स्थापना दिवस को यादगार बनाने की कोशिश की।

इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित कर पर्यावरण को बढ़ाने में में अपना योगदान दिया और कहा कि पर्यावरण नहीं होगा तो मानव जीवन के लिए बड़ा खतरा होगा इस लिए हमे पर्यावरण को शसक्त बनाने के लिए पेड़, पौधे लगाना चाहिए। इसी दिशा में संस्था रामपायली मित्र मंडल रामपायली अपने सामाजिक दायित्व को समझते हुए आज अपने 49 वे स्थापना दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कर रही है।

इसी कड़ी में संस्था अध्यक्ष, पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर संस्था के संस्थापक स्व. प्रताप भुवनेश्वर सिंह चौहान को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। साथ ही साथ सदस्यों द्वारा संस्था के उन सभी सदस्यों को याद किया गया जिनका संस्था को बनाने और आगे बढ़ाने में अतुलनीय योगदान रहा।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष रजनीश नकाशे, सचिव अमित सिंह बैस, कोषाध्यक्ष केवल शिवहरे, सहसचिव विजय राऊत, शाला व्यवस्थापक शैलेन्द्र सिंह बैस, वरिष्ठ सदस्य ठाकुर नरेंद्र सिंह चौहान, रविशंकर दास वैष्णव,रामकिशोर अग्रवाल, मुकेश तिवारी,सुबोध रूसिया,

राजेंद्र सिंह चौहान, संदीप बाघमारे, प्राचार्य टी. सी. बिसेन, वरिष्ठ शिक्षक एन. एस. बैस, एल. महेशकर मैडम, विद्यालय के समस्त शिक्षक/ शिक्षिकाए और नागरिक गण उपस्थित रहे।

राजनैतिक संरक्षण के चलते नहीं हो रही गिरफ्तारी, अवैध शराब के परिवहन पर दर्ज हुआ मामला

नवभारत, चांगोटोला। बालाघाट जिले के थाना चांगोटोला में बीते माह लाखों रूपए की अवैध शराब पुलिस के द्वारा पकड़ी गई थी इसी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया और एक आरोपी फरार हो गया। जो आरोपी आज दिनांक तक पुलिस पकड़ से दूर बताया जा रहा है। युवा कांग्रेस मंडला से जुड़े उक्त युवक को राजनैतिक संरक्षण के चलते बचाया जा रहा है घटना हुए दो माह होने को हैं लेकिन अब तक पुलिस अज्ञात आरोपी को पकड़ नही पाई है। वहीं सूत्रों का कहना है कि जो आरोपी पकड़ा गया था उसने उक्त युवक का नाम भी पुलिस को बताया है। इसके बाद भी उक्त युवक को बचाया जा रहा है। जबकि उक्त युवक लंबे समय से शराब के अवैध कारोबार से जुड़ा हुआ है और नैनपुर क्षेत्र में अवैध शराब की बिकवाली भी किया करता है। बता दें कि पुलिस ने रेलवे फाटक के समीप कार्यवाही करते हुए करीब 134 लीटर अवैध अंग्रेजी एवं देशी शराब जब्त की है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये बताई जा रही है। इस दौरान शराब परिवहन में प्रयुक्त दो चारपहिया वाहनों को भी जब्त किया गया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार थाना चांगोटोला में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक मुन्नालाल पटले 25 मार्च 2026 को हमराह स्टाफ के साथ क्षेत्र में अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों की पतासाजी के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक टवेरा वाहन एमएच31/सीआर 0313 तथा एक वेगनार कार एमपी51/सीए/1105 में अवैध शराब भरकर विक्रय हेतु पादरींज से नैनपुर की ओर ले जाई जा रही है सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने रेलवे फाटक के पास पाटादेह तिराहे पर घेराबंदी कर दी कुछ समय बाद दोनों संदिग्ध वाहन मौके पर पहुंचे जिन्हें रोक लिया गया। कार्यवाही के दौरान वेगनार कार का चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन छोडक़र फरार हो गया जबकि टवेरा चालक को पुलिस ने पकड़ लिया पूछताछ में गिरफ्तार चालक ने अपना नाम संदीप चौधरी 36 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 6 नैनपुर बताया उसने स्वीकार किया कि दोनों वाहन एक साथ चल रहे थे और अवैध शराब के परिवहन में उपयोग किए जा रहे थे पुलिस ने दोनों वाहनों को थाना परिसर लाकर पंचों की उपस्थिति में तलाशी ली। टवेरा वाहन की डिक्की एवं बीच की सीट से कुल 15 पेटियां शराब बरामद हुईं। इनमें विभिन्न ब्रांडों की अंग्रेजी एवं देशी शराब शामिल थी मैकडॉवेल्स नंबर 1 रम की 7 पेटियां 336 पाव,मैकडॉवेल्स नंबर.1 व्हिस्की की 2 पेटियां 96 पाव,गोवा व्हिस्की की 1 पेटी 50 पाव,बकार्डी मैंगो चिली की 12 बोतल,बकार्डी लिमोन की 12 बोतल,ब्लैक बाय बकार्डी रम की 12 बोतल,सिग्नेचर व्हिस्की की 12 बोतल, देशी प्लेन मदिरा की 1 पेटी 50 पाव वहीं फरार चालक की वेगनार कार की तलाशी के दौरान एक कार्टन में ब्लैक डॉगए टीचर्स और ब्लेंडर्स प्राइड ब्रांड की तीन अंग्रेजी शराब की बोतलें भी बरामद हुईं। पुलिस के अनुसार दोनों वाहनों से कुल 134 लीटर 10 मिलीलीटर अवैध शराब बरामद की गई है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये आंकी गई है।

एपीसी बैठक की तैयारियों के लिये कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

बालाघाट। खरीफ फसलों के अधिक उत्पादन की प्रगति कों लेकर होने वाली एपीसी की बैठक के लिए कलेक्टर मृणाल मीणा ने 20 जून को कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य उद्योग, पशुपालन एवं सहकारी बैंक के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में कृषि विभाग के अधिकारी को जिले में मक्का व मूंगफली की फसल में उत्पादकता बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मीना नें जिले में ड्रीप स्प्रिंकलर सिचाई कों प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। इसके साथ हीं उन्होंनें सभी फसलों के बीजो का बटवारा शीघ्र कराने के निर्देश दिए और कहा की किसानों कों उत्तम किस्म के बीज उपलब्ध होने चाहिए ताकि उन्हें खेती करने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

योग महोत्सव | छोटी हार नहीं, बड़ा है जीवन : योगध्यान से मिलेगा युवाओं को आत्मबल

आज मूलना स्टेडियम में होगा सामूहिक योग महोत्सव

नवभारत, बालाघाट। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 21 जून को प्रात: मूलना स्टेडियम ग्राउंड में सार्वजनिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सभी सामाजिक संस्थाओं, खेल संगठनों, विद्यार्थियों, युवाओं एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की गई है। इसी क्रम में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था, बालाघाट द्वारा 14 जून से नगर के विभिन्न स्थानों पर योग के प्रति जनजागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के अंतर्गत आज स्थानीय मूलना स्टेडियम में खिलाड़ियों, युवाओं एवं खेल प्रेमियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार विशेष योग सत्र आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित खिलाड़ियों, युवाओं एवं खेल प्रेमियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सभी योगासन कराए गए। विशेष रूप से सूर्य नमस्कार एवं पद्म साधना का अभ्यास कराया गया तथा उनके लाभों की जानकारी दी गई। बताया गया कि सूर्य नमस्कार शरीर में ऊर्जा, लचीलापन और स्फूर्ति प्रदान करता है, वहीं पद्म साधना शरीर, श्वास और मन के बीच संतुलन स्थापित कर एकाग्रता एवं आंतरिक शांति को बढ़ाती है।

इसके पश्चात विभिन्न प्राणायामों का अभ्यास कराया गया और फिर गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के मार्गदर्शन में उनकी दिव्य वाणी में योगध्यान कराया गया। प्रतिभागियों को योगध्यान के महत्व से अवगत कराते हुए बताया गया कि नियमित योग, प्राणायाम और योगध्यान से शरीर, मन, बुद्धि और चेतना में सामंजस्य स्थापित होता है। इससे तनाव और चिंता कम होती है, एकाग्रता एवं स्मरण शक्ति में वृद्धि होती है, आत्मविश्वास बढ़ता है, नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है तथा व्यक्ति के भीतर नई ऊर्जा, सकारात्मकता और जीवन के प्रति उत्साह का संचार होता है।

उन्होंने कहा कि हार और जीत, सफलता और असफलता, संघर्ष और उपलब्धि जीवन के स्वाभाविक पहलू हैं। संघर्ष जितना अधिक होता है, व्यक्ति उतना ही मजबूत बनता है। परिस्थितियों से भागने के बजाय उनका साहसपूर्वक सामना करना आवश्यक है, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति स्वयं में राष्ट्र की एक अमूल्य संपत्ति है। योग और योगध्यान व्यक्ति के भीतर धैर्य, आत्मबल, सकारात्मक सोच और जीवन के प्रति उत्साह का संचार करते हैं, जिससे वह हर परिस्थिति का संतुलित मन से सामना कर सकता है। इसलिए आज के प्रत्येक युवा के लिए योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना समय की आवश्यकता है।

वक्ताओं ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश 'योग: कर्मसु कौशलम्' अर्थात योग कर्मों में कुशलता प्रदान करता है। योग केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता का आधार है। नियमित योग और योगध्यान से मन शांत, स्थिर और एकाग्र होता है, जिससे निर्णय क्षमता, कार्यकुशलता, रचनात्मकता और सकारात्मक सोच का विकास होता है।

उन्होंने कहा कि चाहे कोई व्यक्ति कार्यालय में कार्य करता हो, व्यवसाय से जुड़ा हो, खेल के क्षेत्र में हो या विद्यार्थी जीवन में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा हो, योग के माध्यम से उसमें नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और कार्यों को बेहतर ढंग से करने की क्षमता विकसित होती है।

युवाओं को निराशा नहीं, जीवन को चुनने की आवश्यकता

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आजकल समाचार पत्रों और विभिन्न मीडिया माध्यमों में युवाओं द्वारा आत्महत्या जैसी दुखद घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। छोटी-छोटी असफलताओं, परीक्षा के तनाव अथवा जीवन की चुनौतियों से घबराकर कई युवा निराशा के कारण अपना अमूल्य जीवन समाप्त करने का प्रयास कर बैठते हैं, जबकि जीवन इससे कहीं अधिक मूल्यवान है।

मुण्डीवाडा रोड पर जाम से 1 घंटे आवागमन बाधित

सड़क के दोनों ओर फुटपाथ तक लगी अस्थाई दुकानों व भारी भीड़ ने रास्ता रोका

नवभारत कटंगी 20 जून। शुक्रवार शाम करीब 6 बजे मुण्डीवाडा रोड पर मिश्रा जी के भोजनालय से लेकर मछली मार्केट तक भीषण जाम लग गया। बाजार का दिन होने से सड़क पर खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। सड़क के दोनों ओर फुटपाथ तक लगी अस्थाई दुकानों और बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण करीब एक घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शाम 6 से 7 बजे के बीच हालात सबसे खराब थे। सड़क पर तिल रखने की जगह नहीं बची। दोपहिया-चारपहिया वाहन रेंग-रेंगकर चल रहे थे। एक एंबुलेंस भी करीब 15 मिनट तक जाम में फंसी रही।

गलियों का सहारा लेकर गंतव्य तक पहुंचे

स्कूल से लौट रहे बच्चे, ऑफिस से घर जा रहे लोग और बाजार आए ग्रामीण घंटों परेशान होते रहे। बुजुर्ग और महिलाएं भीड़ में फंसकर हलाकान हो गए। कई लोगों ने गलियों का सहारा लेकर किसी तरह गंतव्य तक पहुंचे।

राहगीरों का दर्द, हर शुक्रवार की है यही कहानी

रोज इसी रोड से गुजरने वाले अधिकांश लोग बोले, 'हर शुक्रवार शाम 5 से 7 बजे तक यही हाल रहता है। त्योहार के समय तो 2-2 घंटे जाम लगता है, न नगर पालिका हटाती है, न पुलिस चालान काटती है।' कॉलेज छात्रा ने बताया, 'भीड़ में गलत तरीके से छूने की घटनाएं भी होती हैं। लड़कियों का पैदल निकलना मुश्किल हो जाता है।'

समाधान क्या हो? स्थानीय लोगों के सुझाव

स्थानीय लोगों ने सुझाव दिया कि शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी शाम 5 से 8 बजे तक 2 जवान तैनात हों। सड़क पर लगने वाली दुकानों को किसी खाली मैदान में शिफ्ट किया जाए। सड़क किनारे पार्किंग पर सख्ती से चालानी कार्रवाई हो और बाजार के दिन मिश्रा भोजनालय से मछली मार्केट तक वन-वे किया जाए।

कार ने 3 श्रमिकों को मारी टक्कर

जबलपुर। कटंगी थाना अंतर्गत कैमोरी में बीती रात तेज रफ्तार कार चालक ने सड़क किनारे खड़े तीन मजदूरों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक खैरी निवासी भीकम ठाकुर कैमोरी में खेत के किनारे झाड़ियां साफ करने के लिए गांव के ही मजदूर रामसेन, सुभाष साहू, जितेन्द्र ठाकुर और राजेन्द्र प्रताप सिंह को अपने साथ काम पर ले गया था खेत में काम निपटाने बाद सभी लोग पाटन जाने वाली बस पकड़ने के लिए कैमोरी पहाड़ी के पास मोड़ पर खड़े होकर इंतजार कर रहे थे तभी कटंगी की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 49 सी 5571 के चालक ने सुभाष साहू, जितेन्द्र ठाकुर और राजेन्द्र प्रताप सिंह को टक्कर मार चोट पहुंचा दी।

युवती से स्कूटी सवार बदमाशों ने छीना मोबाइल

नवभारत,जबलपुर। कैंट थाना अंतर्गत पुल नंबर 2 के पास स्कूटी सवार दो अज्ञात बदमाशों ने पैदल जा रही एक युवती के हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और रफूचक्कर हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बेलबाग निवासी शालू मिश्रा सदर स्थित ग्लेमर जोन कॉस्मेटिक शॉप एवं जनरल स्टोर में सेल्स गर्ल का काम करती है।

समक्ष श्रीमान आयुक्त कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम, श्रम न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी श्री आदित्य जोशी)

// समंस / नोटिस //

रानू लोनिया ..... आवेदिका
विरूद्ध
नरेन्द्र रेड्डी एवं अन्य .....अनावेदकगण

प्र.क्र.:- 62/डब्लू.सी.ए./2023
पेशी दिनांक :- 29/07/2026

प्रति,
अशोक मालेश्वर पिता श्री पूनाराम मालेश्वर
उम्र 35 वर्ष लगभग, निवासी ग्राम गोखना,
जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश)

आवेदिका ने आप लोगों के विरुद्ध इस न्यायालय में धारा 22 कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, 1923 के अंतर्गत आवेदिका रानू लोनिया के पुत्र शेखर लोनिया दिनांक 30.04.2022 के कार्य दरम्यान तीसरी मंजिल में अचानक बिजली का करंट लगने से नीचे गिरने के कारण उसकी मृत्यु हो गई थी। मृतक कर्मचारी की क्षतिपूर्ति 15,12,000/- रु. एवं 50 प्रतिशत पेनाल्टी 7,56,000/- रु. तथा दुर्घटना दिनांक से क्षतिपूर्ति राशि प्राप्ति दिनांक तक 12 प्रतिशत ब्याज प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र संस्थि है। जिसकी पेशी दिनांक 29.07.2026 को नियत है।

अत: इस ईश्तहार/समंस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप पेशी दिनांक 29.07.2026 को प्रात: 11 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लें, अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक 29.07.2026 को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अस्तु सूचित हो।

आज दिनांक 19.06.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक :- 19.06.2026
स्थान :- बिलासपुर (छ.ग.)
मुहर
आदित्य जोशी
आयुक्त, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम
श्रम न्यायालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)